<u>**न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश, न्याय कक्ष सं०–3/विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट), रामपुर।**</u>

सिविल अपील संख्या–44/2022

रजिस्ट्रेशन संख्या–44/2022

UPRP010060012022

सरजीत सिंह ––––––––––––बनाम––––––––––– सरकार उ०प्र० आदि।

<u>**दिनांक 31–03–2026**</u>

पत्रावली पेश हुई। पुकारा गया। विपक्षीगण की ओर से उनके विद्वान अधिवक्ता उपस्थित हैं। अपीलार्थी अनुपस्थित है।

पत्रावली के अवलोकन से विदित है कि अपीलार्थी विगत कई तिथियों से निरन्तर अनुपस्थित चल रहा है। दिनांक 14.10.2025, 23.12.2025, 19.01.2026, 17.02.2026, 10.03.2026, 28.03.2026 एवं 30.03.2026 को सुनवाई हेतु अपीलार्थी को अन्तिम अवसर भी दिया गया था, उसके उपरान्त भी अपीलार्थी उपस्थित नहीं आये हैं। बार–बार पुकार कराये जाने पर भी न तो अपीलार्थी उपस्थित आया है और न ही उसकी ओर से कोई स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है, ऐसा प्रतीत होता है कि अपीलार्थी अपना वाद आगे चलाना नहीं चाहता है। अतः उक्त सिविल अपील संख्या–44/2022 अपीलार्थी की अनुपस्थिति में खारिज किये जाने योग्य है।

<u>**आदेश**</u>

सिविल अपील सं०–44/2022, सरजीत सिंह बनाम उ०प्र० सरकार आदि, अपीलार्थी की अनुपस्थिति में खारिज किया जाता है।

पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(अशोक कुमार सिंह–X)
अपर जिला न्यायाधीश, न्याय कक्ष सं०–3/
विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट), रामपुर।
J.O.Code UP 2741
31–03–2026

Digitally signed by ASHOK KUMAR SINGH
Date: 2026.04.04 16:44:39 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court